हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार 7 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 33.6°C
न्यूनतम 28.2°C

13 इंग्लैंड की आर्ट गैलरी में बिखरे हरियाणवी...



14 जेएनएल फीडर में आज पहुंचेगा पानी, शहर की...



## हरियाणा के सबसे बड़े सरकारी चिकित्सा संस्थान में व्यवस्था बाजार के भरोसे

# पीजीआई में मेडिसन इमरजेंसी, मिला आधा स्टॉक

**दवा संकट के सामने सब बेबस**


ओपीडी, वार्ड या इमरजेंसी में पेन किलर, इंजेक्शन, आईवी व बीटी सेट तक नहीं, रोज हजारों मरीज मेडिकल स्टोर की ओर लगा रहे दौड़

**स्वास्थ्य मंत्री की चेतावनी के दो माह बाद भी वही हालात, डॉक्टर व मरीज परेशान**

मनोज वर्मा ▶▶| रोहतक

हरियाणा के सबसे बड़े सरकारी चिकित्सा संस्थान पीजीआईएमएस में इलाज की पूरी व्यवस्था दवा संकट के सामने बेबस नजर आ रही है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि दर्द से तड़पते मरीजों को राहत देने वाले पेन किलर इंजेक्शन तक उपलब्ध नहीं हैं। सामान्य दवाओं से लेकर ग्लूकोज चढ़ाने के लिए जरूरी आईवी सेट और खून चढ़ाने वाले बीटी सेट तक अस्पताल में खत्म हो चुके हैं, या न के बराबर हैं, मजबूर मरीजों और उनके परिजनों को इलाज के दौरान जरूरी सामान मेडिकल स्टोर से खरीदकर लाना पड़ रहा है। सबसे गंभीर सवाल यह है कि करीब दो महीने पहले स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने खुद पीजीआई का निरीक्षण कर दवा संकट पर कड़ी नाराजगी जताई थी। उस समय उन्होंने स्पष्ट कहा था कि सरकारी अस्पतालों में 540 प्रकार की दवाएं उपलब्ध रहनी चाहिए, जबकि पीजीआई में महज 202 दवाएं ही थीं। सुधार के निर्देश भी दिए गए, लेकिन दो महीने बाद स्थिति सुधरने के बजाय और ज्यादा बदहाल हो गई है। अब हालात यह हैं कि अस्पताल के पास जरूरी दवाएं तक पूरी नहीं हैं। पीजीआई के हालात 'नो मेडिसन जोन' की तरह हो गए हैं, ओपीडी, वार्ड इमरजेंसी में पर्याप्त दवाएं नहीं हैं। सवाल यह है कि जब सबसे बड़े सरकारी अस्पताल की यह स्थिति है, तो आम मरीज सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर आखिर भरोसा किस आधार पर करे।

हरिभूमि विशेष



ए आई जेनरेटेड

### इलाज का भारी दबाव

- **7000** से अधिक मरीज हर रोज ओपीडी में इलाज के लिए पहुंचते हैं।
- **800** से ज्यादा मरीज प्रतिदिन इमरजेंसी विभाग में आते हैं।
- **500** से 600 घायल और अन्य मरीज रोजाना ट्रॉमा सेंटर में उपचार के लिए पहुंचते हैं।
- **2200** बेड की क्षमता वाला हरियाणा का सबसे बड़ा सरकारी चिकित्सा संस्थान।
- **1800** मरीज हर समय अस्पताल में भर्ती रहते हैं।
- पूरे हरियाणा का रेफरल सेंटर होने के कारण गंभीर मरीजों का सबसे बड़ा इलाज केंद्र।

### राहत की सुई तक नहीं

पीजीआई के वार्डों और इमरजेंसी में सबसे गंभीर संकट पेन किलर इंजेक्शन का है। बुस्कोपेन और डिक्लोफेनाक जैसे जरूरी इंजेक्शन गायब हैं, या नाकाफी संख्या में ही हैं। डॉक्टर मरीजों का दर्द देखते हुए भी उन्हें अस्पताल से दवा नहीं दे पा रहे। सरकारी अस्पताल में मुफ्त इलाज का दावा करने वाली व्यवस्था मरीजों के दर्द के सामने पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है।

### ग्लूकोज और खून चढ़ाने का सामान भी खत्म

दवा संकट अब केवल दवाओं तक सीमित नहीं रहा। ग्लूकोज और अन्य द्रव चढ़ाने के लिए बोतल में लगने वाला आईवी सेट (इंट्रो विनस- जिस पाइप से दवाई मरीज के शरीर में जाती है) भी न के बराबर हैं। यही नहीं खून चढ़ाने के काम आने वाले बीटी सेट (ब्लड ट्रांसफ्यूजन-जिस पाइप से खून मरीज के शरीर में जाता है) वो भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा। मरीजों के परिजनों को इलाज शुरू कराने से पहले मेडिकल स्टोर की दौड़ लगानी पड़ रही है। बाजार में आईवी सेट 50 से 100 रुपये और बीटी सेट 25 से 50 रुपये तक में बिक रहा है। बता दें कि पीजीआई में 150 से 200 यूनिट खून रोज मरीजों को चढ़ाना पड़ता है।

### मुफ्त इलाज के सरकारी दावे खोखले
### काउंटर पर नाम ही मात्र दवाएं

हर दिन करीब सात हजार मरीजों वाली ओपीडी में भी हालात बेहद चिंताजनक हैं। पेट दर्द, कब्ज, कैल्शियम और दूसरी सामान्य बीमारियों की दवाएं भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हैं। मरीजों को दवाएं बाहर से खरीदने के लिए कहा जा रहा है। डॉक्टर मरीज को पांच तरह की दवाएं लिखते हैं तो उन्हें काउंटर से केवल 2 या 3 तरह की दवाएं ही मिल पा रही हैं। ऐसे में मुफ्त इलाज का सरकारी दावा पूरी तरह सवालों के घेरे में आ गया है। हर महीने विभागों की मांग के आधार पर दवाओं और मेडिकल सामग्री का वितरण किया जाता है, लेकिन इस बार अधिकांश विभागों को जरूरत का आधा स्टॉक भी नहीं मिला। कई विभाग ऐसे हैं, जहां जरूरी इंजेक्शन और पेन किलर की एक भी खेप नहीं पहुंची। इसका सीधा असर मरीजों के इलाज पर पड़ रहा है। बता दें कि हर महीने 1 से 5 तारीख तक विभागों को दवाओं और अन्य सामान जो भी चाहिए उसे स्टोर से भेज दिया जाता है।

### गरीब मरीजों पर सबसे बड़ी मार

सरकारी अस्पताल में सबसे ज्यादा उम्मीद गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर मरीज लेकर आते हैं। लेकिन अब उन्हें इलाज के हर चरण पर अपनी जेब ढीली करनी पड़ रही है। दवा, इंजेक्शन और मेडिकल सामान खरीदने के लिए कई मरीज उधार लेने को मजबूर हैं। आर्थिक तंगी के कारण कई लोग इलाज अधूरा छोड़ने तक की स्थिति में पहुंच रहे हैं।

### इलाज में देरी पड़ सकती है भारी

इमरजेंसी और ट्रॉमा जैसे विभागों में पेन किलर, आईवी सेट और बीटी सेट की अनुपलब्धता मरीजों की जान पर भारी पड़ सकती है। जब तक परिजन बाजार से सामान लेकर लौटते हैं, तब तक इलाज में देरी हो जाती है। गंभीर मरीजों के लिए यह देरी संक्रमण और जान का जोखिम बढ़ा सकती है।

## खबर संक्षेप

### जहरीले जीव के काटने से युवती की मौत

**रोहतक।** शहर के सनसिटी में रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी सोना की जहरीले जीव द्वारा काट लिए जाने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, सोना के पिता गोपाल ने बताया कि वह वर्ष 2016 से रोहतक में रह रहे हैं और सनसिटी में बिल्डर के पास गार्डिंग का काम करते हैं। अचानक बेटी सोना रात्रि के समय चिल्ला कर उठ गई। जब परिजनों देखा कि उसकी गर्दन के पास किसी जहरीले जंतु ने काट रखा है तो उसे तुरंत उपचार के लिए पीजीआई ले गए, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

### गोली चलाने वाले युवक गिरफ्तार

**कलानौर।** कस्बा थाना पुलिस ने वार्ड नंबर तीन कलानौर निवासी 32 वर्षीय मोहित पर जानलेवा हमला कर उस पर गोली चलाने वाले आरोपियों विक्रम उर्फ विक्की पुत्र रनवीर वार्ड नंबर 14 और लक्ष्य पुत्र राजेश उर्फ राजू सैनी निवासी कलानौर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त बलेनो गाड़ी को भी कब्जे में ले लिया है और उनके कब्जे से एक देशी पिस्तौल और एक खाली कारतूस तथा डंडा बरामद किया है जो वारदात में प्रयुक्त किए गए थे। घटना 2 जुलाई को शाम की बताई गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया जहां कोर्ट के आदेश पर उन्हें जेल भेज दिया।

## नगर निगम के नए आयुक्त सत्येंद्र दुहन बनाएंगे नई टीम

- संभाला कार्यभार, बोले- मानसून में जलभराव रोकने के लिए नालों की सफाई में लाई जाएगी तेजी, विशेष टीमें होंगी गठित

**रोहतक।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सत्येंद्र दुहन ने सोमवार को जिला नगर निगम आयुक्त के रूप में विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालने के अवसर पर नगर निगम अधिकारियों, कर्मचारियों तथा वार्ड पार्षदों ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में नगर निगम की कार्यप्रणाली अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनहित केंद्रित बनेगी तथा शहर के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी।

कार्यभार ग्रहण समारोह के दौरान संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी एवं मंजीत सिंह, उप निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह, कार्यकारी अभियंता मंजीत दहिया और योगराज छिकारा, वरिष्ठ लेखा अधिकारी राजेश गोयल, लेखा अधिकारी विकास यशकीर्ति समेत निगम के कई अधिकारी उपस्थित रहे। नगर निगम के वार्ड सदस्यों ने भी आयुक्त सत्येंद्र दुहन का स्वागत किया। इस अवसर पर सत्येंद्र दुहन ने कहा कि नगर निगम का प्रमुख उद्देश्य शहरवासियों को बेहतर, पारदर्शी और समयबद्ध नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान होगा व विकास कार्यों में अनावश्यक देरी नहीं होने दी जाएगी। शहर में चल रहे विकास कार्यों की नियमित समीक्षा होगी तथा जिन परियोजनाओं पर काम जारी है, उन्हें तय समयसीमा में पूरा करवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को जवाबदेह बनाया जाएगा।



### शुरू कर दी हैं तैयारियां

निगम ने मानसून के मद्देनजर निगम ने विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं। शहर में जलभराव की समस्या से बचाव के लिए नालों और नालियों की सफाई के कार्य में और तेजी लाई जाएगी। सभी संसाधनों का प्रभावी उपयोग कर सफाई कार्य समय पर पूरा कराया जाएगा सफाई के साथ-साथ उनमें से निकाली जा रही सिल्ट (गाद) को भी तत्काल उठाने की व्यवस्था की गई है।

### जलभराव से निपटने की तैयारी

निगम की ओर से विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा रही है। जलभराव की संभावित समस्याओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए विशेष टीमों का गठन किया जाएगा, जिन्हें आवश्यक मशीनरी और संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। इन टीमों की नियमित निगरानी भी की जाएगी।

## मोनिका मलिक ने संभाला मंडल आयुक्त का कार्यभार

**रोहतक।** वर्ष 2009 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी मोनिका मलिक ने सोमवार को रोहतक मंडल की आयुक्त के रूप में विधिवत कार्यभार संभाल लिया। रोहतक पहुंचने पर उपायुक्त सचिन गुप्ता सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया, जबकि पुलिस टुकड़ी ने उन्हें सलामी दी। कार्यभार ग्रहण करने के बाद मंडल आयुक्त मोनिका मलिक ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विभिन्न प्रशासनिक एवं विकास संबंधी विषयों पर चर्चा की। स्वागत करने वालों में उपायुक्त सचिन गुप्ता, अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, सांपला की एसडीएम अंकिता पवार, एसीयूटी विशाल सिंह तथा रोहतक के एसडीएम आशीष कुमार शामिल रहे। मोनिका मलिक इससे पहले हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सचिव, हरियाणा राज्य महिला आयोग की सदस्य सचिव तथा हरियाणा महिला विकास निगम लिमिटेड की प्रबंध निदेशक के रूप में अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। महिला एवं बाल विकास, महिला सशक्तिकरण और बाल अधिकारों से जुड़े विषयों में उन्हें व्यापक प्रशासनिक अनुभव प्राप्त है। अपने प्रशासनिक कार्यकाल के दौरान उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए जनहित और सुशासन को प्राथमिकता दी है। उनके अनुभव और नेतृत्व से मंडल में प्रशासनिक समन्वय और विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है।



**2009 बैच की अधिकारी, उपायुक्त सचिन गुप्ता सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों ने किया स्वागत**

### मडूटा चुनाव डॉ. विकास सिवाच गुट का कब्जा

## डॉ. प्रदीप गहलोत अध्यक्ष और डॉ. महेश कुमार को चुना गया सचिव

- डॉ. गहलोत ने 105 मतों के बड़े अंतर से दर्ज की ऐतिहासिक जीत, लगातार आठवीं बार जीता डॉ. विकास का गुट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (मडूटा) के वर्ष 2026 के चुनाव में अध्यक्ष पद पर यूआईईटी के डॉ. प्रदीप गहलोत और सचिव पद पर फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग के डॉ. महेश कुमार ने जीत दर्ज की है। एक बार फिर से डॉ. विकास सिवाच के गुट ने जीत दर्ज की है। डॉ. विकास सिवाच के गुट ने लगातार आठवीं बार जीत दर्ज की है।

मडूटा के प्रशासक एवं चुनाव अधिकारी प्रो. वजीर नेहरा ने बताया कि चुनाव में कुल 268 मत पड़े। अध्यक्ष पद के लिए हुए मुकाबले में तीन मत रद्द हुए। डॉ. प्रदीप गहलोत को 185 और शिक्षा विभाग की डॉ. वनीता रोज को 80 मत मिले। इस तरह डॉ. गहलोत ने 105 मतों के बड़े अंतर से जीत हासिल की। सचिव पद के चुनाव में एक मत रद्द हुआ। फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग के डॉ. महेश कुमार को 177 मत मिले, जबकि फॉरेंसिक साइंस विभाग की डॉ. सपना शर्मा को 90 मत प्राप्त हुए। डॉ. महेश कुमार ने 87 मतों के अंतर से सचिव पद पर कब्जा जमाया।





### यह लोकतंत्र की जीत है

शिक्षकों के बीच यह चर्चा आम रही कि तत्कालीन कुलपति प्रो. राजबीर सिंह द्वारा पूर्व प्रधान डॉ. विकास सिवाच के निलंबन को लेकर शिक्षक वर्ग में काफी रोष था। शिक्षकों ने डॉ. प्रदीप गहलोत के पक्ष में एकतरफा मतदान कर अपना गुस्सा और एकजुटता प्रकट की है। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र की जीत है। डॉ. विकास सिवाच का निलंबन गलत किया था। इससे पहले कोषाध्यक्ष पद पर यूआईईटी के अरुण हुड्डा निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। वहीं कार्यकारिणी सदस्य पद पर डॉ. नवीन खटक, डॉ. अनिल सांगवान, डॉ. गोल्डी पुरी, डॉ. दिव्या, डॉ. राजेश, डॉ. सविता राठी, डॉ. सपना और डॉ. महेंद्र भी निर्विरोध चुने गए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. प्रदीप गहलोत ने कहा कि शिक्षकों ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उसके लिए मैं सभी का आभार व्यक्त करता हूं। मेरी प्राथमिकता शिक्षकों की समस्याओं के समाधान, उनकी पेशेवर गरिमा की रक्षा और विश्वविद्यालय में बेहतर शैक्षणिक एवं शोध वातावरण को मजबूत करना होगी। मडूटा सभी शिक्षकों की आवाज बनकर निष्पक्ष और सकारात्मक तरीके से कार्य करेगा।



### शिक्षकों के हितों से जुड़े मुद्दे उठाएंगे

शिक्षक हितों से जुड़े मुद्दों को विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष मजबूती से रखा जाएगा तथा संवाद और सहयोग के माध्यम से उनका समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही शिक्षकों के कल्याण और विश्वविद्यालय के समग्र विकास के लिए सभी साथियों को साथ लेकर काम किया जाएगा। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद शिक्षकों ने बधाई दी। विजेताओं के समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर सहायक चुनाव अधिकारी राधेश्याम शर्मा समेत अन्य स्टाफ सदस्यों ने आयोजन सहयोग दिया।

**पटौदी ट्रॉफी** | 300 गेंदों का मुकाबला सिर्फ 53 गेंदों में जीता

## लाहली के मैदान में 'भिवानी का तूफान'

**चौ.बंसीलाल स्टेडियम के मैदान पर खेले गए तीन मैच**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पटौदी ट्रॉफी के चौधरी बंसीलाल स्टेडियम लाहली के अलग-अलग मैदान पर तीन मैच सोमवार को खेले गए। इसमें भिवानी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चरखी दादरी को एकतरफा मुकाबले में हरा दिया। भिवानी ने 9 विकेट से 300 गेंदों का मुकाबला 53 गेंदों में जीता। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चरखी दादरी की टीम भिवानी की घातक गेंदबाजी के आगे ताश के पत्तों की तरह ढह गई और पूरी टीम महज 38 रनों पर सिमट गई। चरखी दादरी को सस्ते में समेटने में भिवानी के गेंदबाजों ने मुख्य भूमिका निभाई। सचिन मित्तल ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 6 ओवर में 23 रन देकर 4 महत्वपूर्ण विकेट झटके। वहीं, मनीष रणबीर सिंह ने भी कसी हुई गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए 6 ओवर में मात्र 10 रन देकर 3 खिलाड़ियों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। साहिल ढुल को 2 और सिद्धार्थ दलाल को 1 विकेट मिला।

जीत के लिए मिले 39 रनों के छोटे से लक्ष्य को भिवानी ने 8.5 ओवर में 1 विकेट खोकर आसानी से हासिल कर लिया। भिवानी की ओर से पार्थ नगिल ने नाबाद 14 रन और अरविंद महला ने नाबाद 11 रनों की सूझबूझ भरी पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। चरखी दादरी की तरफ से एकमात्र सफलता दीपक धनखड़ को मिली।

### रोहन देशवाल के शतक से फरीदाबाद ने नूंह को हराया

तीसरे मैच में फरीदाबाद की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नूंह की टीम को एकतरफा मुकाबले में हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी नूंह की टीम फरीदाबाद की घातक गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी और पूरी टीम 151 रनों पर सिमट गई। नूंह की ओर से मोइन खान ने सर्वाधिक 31 रन बनाए। फरीदाबाद के गेंदबाज संदीप डागर ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट चटकाए, जबकि यतिन जाखड़ को 3 सफलताएं मिलीं। 152 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी फरीदाबाद की शुरुआत बेहद दमदार रही। सलामी बल्लेबाज रोहन देशवाल ने मैदान के चारों ओर चौकों-छक्कों की बरसात करते हुए मात्र 63 गेंदों में 14 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 101 रनों की नाबाद शतकीय पारी खेली। कुणाल सिंह ने भी 15 गेंदों में तेज तर्रार 31 रन बनाए।

### एचसीए सी ने फतेहाबाद को 62 रनों से दी शिकस्त

दूसरे मैच में हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन सी (एचसीए सी) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फतेहाबाद को 62 रनों से शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए एचसीए 'सी' की टीम ने 220 रन बनाए। टीम की ओर से कृशांग सहरावत ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 109 गेंदों में 86 रनों (7 चौके, 3 छक्के) की शानदार पारी खेली, जबकि कप्तान सौरभ सिग्रोहा ने 61 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। फतेहाबाद की तरफ से गेंदबाजी में अजय जांगड़ा और साहिल सिंह ने 3-3 विकेट झटके। 221 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी फतेहाबाद की टीम 158 रनों पर ही ढेर हो गई। फतेहाबाद के लिए सक्षम शर्मा ने 71 गेंदों में 80 रनों की जुझारू पारी खेली और पारव सिंगला ने 33 रन बनाए, लेकिन दूसरे छोर से सहयोग न मिलने के कारण टीम लक्ष्य से दूर रह गई। एचसीए 'सी' की जीत के मुख्य खिलाड़ी वरुण माहेश्वरी और तेजेंदर ओहलियान रहे, जिन्होंने घातक गेंदबाजी करते हुए 4-4 विकेट चटकाए, जबकि एकांश आजाद को 2 विकेट मिले।

## पीएमएवाई की जांच में बीडीपीओ महम के दफ्तर में हंगामा, बुलानी पड़ी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में कथित अनियमितताओं की जांच के दौरान सोमवार को महम के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) कार्यालय में सोमवार को उस समय तनावपूर्ण माहौल बन गया, जब शिकायतकर्ता और दूसरे पक्ष के लोग आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। शिकायतकर्ताओं ने खुद को असुरक्षित बताते हुए तुरंत 112 पर कॉल कर पुलिस सहायता मांगी। कुछ ही देर में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराया। मामला सैमाण गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के चयन में कथित गड़बड़ियों से जुड़ा है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि अपात्र लोगों को योजना का लाभ दिया गया, जबकि पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों को सूची से बाहर कर दिया गया।



### संपन्न लोगों को लाभ दिया 18 जरूरतमंद सूची से बाहर

वर्ष 2018-19 के दौरान योजना के लाभार्थियों के चयन किया गया था। शिकायतकर्ता पवन कुमार और सुभाषचंद्र जांगड़ा का आरोप है कि तत्कालीन सरपंच, ग्राम सचिव, राजस्व पटवारी, पंचायती राज विभाग के जेई और तत्कालीन बीडीपीओ ने मिलीभगत कर आर्थिक रूप से संपन्न लोगों को योजना का लाभ दिला दिया, जबकि कई गरीब और पात्र परिवारों के नाम सूची से हटा दिए गए। उनका आरोप है कि सर्वे के दौरान 18 भूमिहीन लोगों को रिकॉर्ड में भू-स्वामी दर्शाकर उन्हें योजना से वंचित कर दिया गया।


अपात्रों को बांट दिया घर बनाने के लिए पैसा, लोकपाल ने पकड़ा फर्जीवाड़ा

एक फरवरी को प्रकाशित खबर

### अपात्रों से रिकवरी नहीं

शिकायतकर्ताओं के अनुसार, मामले की शिकायत करीब एक वर्ष पहले रोहतक मंडल आयुक्त, उपायुक्त और एसडीएम को दी गई थी। इसके बाद प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लोकपाल डॉ. एसएस रंगा ने मामले की जांच की। लोकपाल डॉ. एसएस रंगा ने अपनी जांच रिपोर्ट में सोनिया, इंद्रो, संतरा, बिमला, दयावंती, रामिला, कमलेश और सुनीता को अपात्र लाभार्थी बताते हुए उनसे राशि की रिकवरी के निर्देश दिए थे लेकिन कई महीने बीतने के बाद भी न तो पूरी रिकवरी हो सकी।

# दो साल से अधूरी पड़ी सेक्टर-4 एक्सटेंशन की सड़क अब सीएम विंडो पहुंची आरडब्ल्यूए की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सेक्टर-4 एक्सटेंशन की मुख्य सड़क का निर्माण पिछले करीब दो वर्षों से अधूरा पड़ा होने के कारण स्थानीय निवासियों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। मुख्यमंत्री से मुलाकात कर समस्या उठाने के करीब आठ माह बाद भी समाधान नहीं होने पर अब रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) ने एक बार फिर सीएम विंडो पर शिकायत दर्ज कराकर जल्द कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि संबंधित विभाग की लापरवाही का खामियाजा सैकड़ों परिवारों को भुगतना पड़ रहा है। प्रधान सुखबीर माथुर व आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-4 एक्सटेंशन की लगभग 800 मीटर लंबी सड़क का अधिकांश निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन प्रवेश मार्ग के करीब 60 मीटर हिस्से का निर्माण पिछले दो वर्षों से नहीं हो पा रहा। यही हिस्सा सेक्टर में आने-जाने का मुख्य रास्ता है। सड़क अधूरी होने के कारण जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं और बारिश के दौरान यहां जलभराव व कीचड़ की स्थिति बन जाती है। आरडब्ल्यूए का कहना है कि आज से करीब आठ माह पहले प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से उनके आवास पर मिला था और सड़क निर्माण की मांग उठाई थी। इसके बाद मुख्यमंत्री कार्यालय में भी शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस परियोजना में अब तक तीन ठेकेदार बदले जा चुके हैं, फिर भी काम पूरा नहीं हो पाया।

*मुख्यमंत्री से मुलाकात के आठ माह बाद भी नहीं बना 60 मीटर चौड़ा मुख्य मार्ग*



### मानसून में बिगड़ेंगे हालात

क्षेत्रवासियों का कहना है कि मानसून शुरू होने के बाद हालात और खराब हो गए हैं। घरों के बाहर करीब एक फुट तक मिट्टी जमा होने से लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। आरडब्ल्यूए ने बताया कि सेक्टर-4 एक्सटेंशन रोहतक का ऐसा सेक्टर है, जिसे विशेष रूप से पूर्व सैनिकों और सैन्य कर्मियों के लिए विकसित किया गया था। यहां सिपाही से लेकर मेजर और कर्नल रैंक तक के अधिकारी निवास करते हैं।

### मार्केट पर पड़ रहा असर

सड़क की खराब हालत का असर सेक्टर की मार्केट पर भी पड़ रहा है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि टूटी सड़क और कीचड़ के कारण ग्राहक बाजार तक नहीं पहुंच पाते, जिससे उनके कारोबार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। आरडब्ल्यूए ने सीएम विंडो से मांग की है कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश देकर अधूरी सड़क का निर्माण शीघ्र पूरा कराया जाए।

# समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो ऑल सेक्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन करेगी आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



शहर के सेक्टरों में मूलभूत सुविधाओं की बदहाली और प्रशासनिक अनदेखी के खिलाफ ऑल सेक्टर्स आरडब्ल्यूए रोहतक ने मोर्चा खोल दिया है। सोमवार शाम को सेक्टर-3 स्थित सामुदायिक केंद्र में एसोसिएशन की कार्यकारी समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता प्रधान एवं पूर्व पार्षद कदम सिंह अहलावत ने की। बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि यदि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ, तो आने वाले दिनों में आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

बैठक में मानसून के मद्देनजर बरसाती नालों की अधूरी सफाई पर गहरी चिंता जताई गई। सदस्यों ने कहा कि समय रहते सफाई न होने पर जलभराव की गंभीर स्थिति पैदा हो जाएगी। इसके अलावा, सेक्टर-1 और 2 की वर्षों पुरानी व क्षतिग्रस्त पेयजल पाइपलाइनों को बदलने, टूटी सड़कों व पार्कों की चारदीवारी की मरम्मत और सुरक्षा के लिए प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग उठाई गई। एक गंभीर मुद्दा उठाते हुए पदाधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-4 में पंचवटी सोसायटी द्वारा बरसाती पानी की लाइन में सीवर लाइन जोड़ दी गई है, जो एनजीटी के नियमों का सीधा उल्लंघन है। इसे तुरंत हटाने की मांग की गई है।

### एसआईआर अभियान पर हुई चर्चा

बैठक में चल रहे एसआईआर अभियान पर भी चर्चा हुई और निवासियों से मतदाता सूची में नाम सुनिश्चित करने के लिए फॉर्म भरने की अपील की गई। इस अवसर पर रणबीर सिंह छिल्लर, रणजीत सिंह मलिक, सुखबीर हुड्डा, रमेश अहलावत, सुखबीर माथुर, रमेश खासा, सुनेहरा सिंह, अजीत मलिक, धनराज रंगा, पवन आहूजा, सुरेश डांगी, सुरेंद्र गुलिया व यशवीर आदि रहे।

## ग्रामीणों ने सिटी मजिस्ट्रेट से मिलकर जल्द पकड़वाने की उठाई मांग

# बोहर में बंदरों का आतंक, दर्जनों लोग घायल, शिविर में लगाई गुहार

*सुबह से शाम तक गांव पर रहता है बंदरों का पहरा, घर से बाहर एवं छत पर जाने वाले व्यक्ति पर कर देते है कड़ा हमला*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। अपनी समस्या के लिए डीसी से मिलने आए गांव बोहर के ग्रामीण।

गांव बोहर में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। हालात ऐसे हैं कि लोग घरों की छतों, गलियों और खेतों में जाने से भी डरने लगे हैं। बीते कुछ दिनों में बंदर दर्जनों ग्रामीणों पर हमला कर चुके हैं, जिनमें महिलाएं, बुजुर्ग और युवा शामिल हैं। समस्या से परेशान ग्रामीण अब प्रशासन के दरवाजे तक पहुंच गए हैं। सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में ग्रामीणों ने सिटी मजिस्ट्रेट से मुलाकात कर बंदरों को जल्द पकड़वाने की मांग उठाई।

ग्रामीणों का कहना है कि बंदरों का झुंड सुबह से लेकर शाम तक पूरे गांव में घूमता रहता है। जैसे ही कोई व्यक्ति घर से बाहर निकलता है या छत पर जाता है, बंदर हमला कर देते हैं। बच्चों और महिलाओं में सबसे ज्यादा डर का माहौल बना हुआ है। कई परिवारों ने अपने बच्चों को अकेले बाहर भेजना तक बंद कर दिया है। गांव बोहर निवासी कुलदीप नांदल ने बताया कि बंदर अब तक रामू, धर्मपाल और नवीन सहित कई महिलाओं को काट चुके हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल जाना पड़ा और एंटी-रेबीज के इंजेक्शन लगवाने पड़े। उन्होंने कहा कि आए दिन किसी न किसी पर हमला होने से पूरे गांव में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने कई बार संबंधित अधिकारियों को शिकायत दी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों के अनुसार समाधान शिविर में अधिकारियों के सामने पूरी समस्या रखी गई। उन्होंने मांग की कि वन्यजीव विभाग की टीम भेजकर बंदरों को पकड़ने की व्यवस्था की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। पिछले कुछ दिनों में पूरे गांव में बंदरों का आतंक काफी ज्यादा बढ़ गया है। जिससे ग्रामीणों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति को नुकसान पहुंचता है तो उसकी जिम्मेदारी आपकी होगी। हालांकि ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत सुनने के बाद संबंधित अधिकारियों ने स्पष्ट समाधान देने के बजाय जिम्मेदारी दूसरे विभागों पर डाल दी। इससे ग्रामीणों में नाराजगी और बढ़ गई।

### कार्रवाई न होने पर दी कड़े विरोध की चेतावनी

ग्रामीणों ने बताया कि बंदरों के कारण घरों की छतों पर सुखाए जाने वाले कपड़े और अनाज भी सुरक्षित नहीं हैं। बंदर घरों में घुसकर सामान उठा ले जाते हैं और कई बार महिलाओं पर झपट्टा मार देते हैं। बुजुर्गों को अकेले निकलने में भी डर लगने लगा है। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बंदरों को पकड़ने की प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो वे बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। उनका कहना है कि यह केवल परेशानी का नहीं, बल्कि लोगों की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल विशेष अभियान चलाकर बंदरों को पकड़ने और गांव को इस आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग की है।

# शिक्षा से लेकर भर्ती और अर्थव्यवस्था तक हर मोर्चे पर सरकार विफल : हुड्डा

- मेडिकल-पैरामेडिकल फीस वृद्धि वापस लेने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा। *फोटो : हरिभूमि*

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीजेपी लगातार शिक्षा के क्षेत्र में फीस बढ़ोत्तरी, भर्ती के नाम पर पेपर लीक, विकास के नाम पर घोटाले, जांच के नाम पर लीपा-पोती और अर्थव्यवस्था के नाम पर कर्ज बढ़ोत्तरी कर रही है। इसी कड़ी में सरकार ने एक बार फिर विद्यार्थियों पर फीस बढ़ोत्तरी बम फोड़ा है। एक बार फिर सरकार ने डॉक्टर-नर्स-फार्मासिस्ट बनने का सपना देखने वाले युवाओं को लूटने का फरमान जारी किया है। सरकार ने एक अगस्त से रोहतक स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय ने मेडिकल और पैरामेडिकल कोर्सिज के फीस में 400 प्रतिशत तक की भारी बढ़ोतरी कर डाली है।

उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं लेट फीस से लेकर जुर्माने तक की रकम में भारी बढ़ोत्तरी करके सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि वो शिक्षा तंत्र को लूटतंत्र बनाना चाहती है। बीजेपी इस फैसले को वापिस ले। हुड्डा अपने रोहतक आवास पर शकुंतला खटक, सुभाष बत्रा, आनंद दांगी, संत कुमार, चक्रवर्ती शर्मा और बलवान रंगा के साथ पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने एचटेट में हुई ताबड़तोड़ धांधलियों का जिक्र करते हुए बताया कि इसमें गलत ओएमआर शीट बांटने, गलत प्रश्नपत्र दिए जाने से लेकर बिना सील का पेपर बांटने तक की शिकायत के सामने आई हैं। ऐसा लगता है कि बीजेपी सरकार पेपर नहीं करवा रही, बल्कि अभ्यर्थियों के साथ भद्दा मजाक कर रही है। कहीं पेपर गलत बांट दिए गए, कहीं पेपर बनाने में गड़बड़झाला पकड़ा गया, कहीं ओएमआर शीट और प्रश्नपत्र के अलग-अलग सीरियल नंबर दे दिए गए, तो कहीं प्रश्नों की भाषा की ऐसे गलतियां थीं कि मानो पूरे पेपर को किसी नौसिखिए ने बनाया हो।

### पेपर मामले में जल्द निष्पक्ष जांच हो

हुड्डा ने कहा कि एचटेट में हुई तमाम गड़बड़ियां की निष्पक्ष जांच, अभ्यर्थियों द्वारा की जा रही है तमाम शिकायतों की सुनवाई और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। एक तरफ प्रदेश में टीचर अभ्यार्थियों के पेपर में धांधली हो रही है, वहीं दूसरी तरफ प्रदेश में टीचर्स के 16 प्रतिशत पद खाली पड़े हुए हैं। क्योंकि 1,01,499 स्वीकृत शिक्षक पदों में 16,435 पद खाली हैं। लेकिन उनपर भर्तियां करने की बजाए, सरकार पेपर के गड़बड़झाले में जुटी हुई है।

### प्रदेश पर बढ़ते कर्ज पर भी चिंता जाहिर की

प्रदेश पर बढ़ते कर्ज पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि 1966 में हरियाणा बनने से लेकर 2014 तक प्रदेश पर कुल कर्ज 60-70 हजार करोड़ था। लेकिन मात्र 2014 से लेकर 2026 तक, बीजेपी सरकार में ये कर्जा बढ़कर 5.50 लाख करोड़ हो चुका है। यानी बीजेपी ने पांव से लेकर सिर तक हरियाणा को कर्ज में डुबो दिया है। क्योंकि ये सरकार चार्वाक की नीति पर आगे बढ़ रही है, जो कहती है कि कर्जा लो और घी पिओ।



## पीएनबी पेंशनर्स ने लगाया मेगा मेडिकल एवं नेत्र जांच शिविर, 150 वरिष्ठ नागरिकों ने उठाया लाभ

**रोहतक।** ऑल इंडिया पीएनबी पेंशनर्स एंड रिटायरीज एसोसिएशन, रोहतक मंडल की ओर से वरिष्ठ नागरिकों एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए मेगा मेडिकल एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। आर्टेमिस अस्पताल, गुरुग्राम और ईश्वर आई सेंटर, रोहतक के सहयोग से आयोजित शिविर में 150 से अधिक पेंशनरों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में डॉ. रवि साहूता ने हड्डियों और जोड़ों की बीमारियों, डॉ. कृष्णा सोनी ने हृदय रोगों तथा डॉ. प्रियंका व डॉ. ऋतु ने सामान्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर जानकारी दी। वहीं, ईश्वर आई सेंटर की टीम ने नेत्र परीक्षण किए। प्रतिभागियों के बीपी, ब्लड शुगर, ईसीजी, बोन डेंसिटी और अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण भी किए गए। शिविर के बाद आयोजित आमसभा में बैंक पेंशनरों की लंबित मांगों, पेंशन अद्यतन, मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा, चिकित्सा बीमा और अन्य कल्याणकारी योजनाओं को शीघ्र लागू करने की मांग उठाई गई। कार्यक्रम के अंत में चिकित्सकों का सम्मान किया गया तथा संगठन की एकजुटता बनाए रखने का आह्वान किया गया।

## एचटेट में धांधली, युवाओं के साथ क्रूर खिलवाड़

**रोहतक।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी की हरियाणा राज्य कमेटी ने हाल ही में 4 और 5 जुलाई को आयोजित हुई हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) में सामने आई अभूतपूर्व अनियमितताओं, धांधलियों और पेपर लीक के पुख्ता अंदेशों की कड़े शब्दों में निंदा की है। पार्टी ने दो टूक कहा है कि यह घटना हरियाणा की भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश के लाखों बेरोजगार युवाओं के भविष्य और उनके आत्मसम्मान के साथ किया जा रहा एक और क्रूर खिलवाड़ है। माकपा राज्य सचिवमंडल द्वारा जारी एक कड़े बयान में कहा गया कि रेवाड़ी, चरखी दादरी और कैथल सहित राज्य के दर्जनों परीक्षा केंद्रों से बेहद चौंकाने वाली खबरें और तस्वीरें सामने आई हैं। बयान के अनुसार, परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों को जो प्रश्न पत्रों के पैकेट बांटे गए, उनकी सील पहले से ही टूटी हुई थी।



## आईबी विद्यालय में छात्र काउंसिल का गठन दक्ष दुहन हेड बॉय और प्रगति बनीं हेड गर्ल

**रोहतक।** आई.बी. विद्यालय में सत्र 2026-27 के लिए छात्र काउंसिल का गठन विभिन्न चयन प्रक्रियाओं के माध्यम से सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। नवनिर्वाचित छात्र-छात्राएँ पूरे शैक्षणिक सत्र में अनुशासन, नेतृत्व, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे। स्कूल काउंसिल में दक्ष दुहन को हेड बॉय तथा प्रगति को हेड गर्ल चुना गया। वहीं आदित्य को वाइस हेड बॉय एवं परी को वाइस हेड गर्ल का दायित्व सौंपा गया। खेल गतिविधियों के लिए संकेत कादयान और सुहानी को स्पोर्ट्स कैप्टन, जबकि परीक्षित और गौरांगी को वाइस स्पोर्ट्स कैप्टन नियुक्त किया गया। इसके अलावा, आकृति एवं शुभरा को स्किल डेवलपमेंट सेक्रेटरी, आयुषी मोहन को कल्चरल कैप्टन तथा नैन्शिया एवं यशिता को वाइस कल्चरल कैप्टन बनाया गया। मीडिया सेक्रेटरी के रूप में हर्षिता राणा तथा वाइस मीडिया सेक्रेटरी के रूप में दीया का चयन हुआ। कक्षा 12वीं से विभिन्न सदनों के हाउस कैप्टन भी चुने गए, जिनमें हार्दिक मलिक, धैर्य (मरकरी हाउस), पार्थ हुड्डा, प्रिया बजाड़ (मार्स हाउस), शील सिद्धार्थ, भव्या सपड़ा (प्लूटो हाउस) तथा शौर्य एवं नैन्शिका जाखड़ (सन हाउस) शामिल हैं।

## स्वच्छ जल को तरसे लोग टेल तक नहीं पहुंच रहा पानी

**सांपला।** क्षेत्र की नहरों में टेल तक पानी नहीं पहुंचने से ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र के सभी गांवों में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पब्लिक हेल्थ) की ओर से पेयजल आपूर्ति की जाती है, लेकिन पिछले तीन महीनों से कई नहरों में पानी नहीं आने के कारण जलघरों के तालाब सूखे पड़े हैं।

ग्रामीण राजेश कुमार, अरविंद, मोहन और जयपाल ने बताया कि विभाग फिलहाल ट्यूबवेल के माध्यम से पानी की सप्लाई कर रहा है, लेकिन चार से पांच दिन में केवल एक बार ही पानी मिल पाता है। उनका आरोप है कि ट्यूबवेल से मिलने वाले पानी की गुणवत्ता भी संतोषजनक नहीं है।



## प्रतिभाओं का सम्मान ही राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव व प्रेरणाओं का स्रोत : कटारिया

**रोहतक।** रविदास भवन में सर्वजन एजुकेशनल एंड वोकेशनल सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित एक भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह में शिक्षा और खेलों के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं शिक्षाविद संदीप कटारिया ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया।इस अवसर पर संदीप कटारिया ने कहा कि राष्ट्र की वास्तविक शक्ति युवा और विद्यार्थी हैं। शिक्षा और खेल व्यक्तित्व निर्माण के दो मुख्य स्तंभ हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान न केवल विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाता है, बल्कि अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनता है। उन्होंने युवाओं से अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ निरंतर परिश्रम करने का आह्वान किया। सोसायटी के चेयरमैन नरेंद्र कटारिया की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में पीजीआईएमएस की नोडल अधिकारी शीतल, गीता जांगड़ा और बिंदु कुमारी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में नरेंद्र कटारिया ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी शिक्षा और खेलों को बढ़ावा देने के संकल्प को दोहराया।

# एसआईआर लोकतंत्र की शुचिता और पारदर्शिता का अहम अभियान : बत्रा

- विधायक भारत बत्रा के कार्यालय में आगामी रणनीति पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक





रोहतक। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कुलदीप केडी। *फोटो : हरिभूमि*

जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक स्थानीय विधायक भारत भूषण बत्रा के कार्यालय में आयोजित हुई, जिसमें मुख्य रूप से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026), संगठन की मजबूती और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर आगामी रणनीति तैयार की गई। बैठक में हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नीतीश कटारिया विशेष रूप से मौजूद रहे। विधायक बत्रा ने कहा एसआईआर-2026 लोकतंत्र की शुचिता और पारदर्शिता का महत्वपूर्ण अभियान है। कांग्रेस का स्पष्ट सिद्धांत है असली वोट न कटे, नकली वोट न जुड़े। उन्होंने बीएलओ और कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक करें। शहरी कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप केडी ने बताया कि एसआईआर अभियान को सफल बनाने के लिए एक विशेष समन्वय टीम का गठन किया गया है। यह टीम 14 जुलाई तक आम जनता और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय सुनिश्चित करेगी। युवा कांग्रेस अध्यक्ष नीतीश कटारिया ने बताया कि राहुल गांधी के आह्वान पर 9 अगस्त को दिल्ली के रामलीला मैदान में 'छात्र गर्जना' कार्यक्रम होगा।

## युवा मंच की मांग पर चेयरमैन कोच ने दिया आश्वासन

# रामबागों की बदलेगी सूरत, नियमित सफाई की तैयारी

*स्थायी सफाई कर्मचारी एवं चौकीदार की व्यवस्था नहीं होने के कारण लगते है गंदगी के ढेर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला



सांपला। नपा चेयरमैन प्रवीण कोच और सचिव पंकज जून को ज्ञापन सौंपते सांपला युवा मंच के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

कस्बे के तीनों रामबागों की बदहाल व्यवस्था में सुधार की दिशा में पहल तेज हो गई है। रामबागों में नियमित सफाई, बिजली-पानी और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग को लेकर सांपला युवा मंच के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को नगरपालिका चेयरमैन प्रवीण कोच और सचिव पंकज जून से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में डॉ. प्रदीप सचदेवा, संदीप मक्कड़, संजू सेठी, सोनू मक्कड़, पोनी बत्रा, राजकुमार वधवा, गौरव वधवा, सोनू चोपड़ा, लीला चोपड़ा, हेमंत धमीजा, कुणाल मदान, मोनू मिड्ढा और विजय बत्रा शामिल रहे। उन्होंने बताया कि स्थायी सफाई कर्मचारी और चौकीदार की व्यवस्था नहीं होने से तीनों रामबागों में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे रहते हैं। शाम होते ही असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने और आवारा पशुओं के आने से पार्कों की स्थिति लगातार बिगड़ रही है। उन्होंने नियमित सफाई, चौकीदार, बिजली और पेयजल की व्यवस्था कराने की मांग रखी।नगरपालिका चेयरमैन प्रवीण कोच और सचिव पंकज जून ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि जल्द ही तीनों रामबागों में प्रतिदिन सफाई के लिए अलग से सफाई कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी। साथ ही बिजली और पानी से जुड़ी समस्याओं का भी समाधान कराया जाएगा।

### तीन रामबागों में पहली बार होगी नियमित सफाई

सांपला में रोहतक मार्ग, बेरी मार्ग और झज्जर मार्ग पर तीन रामबाग स्थित हैं। अब तक किसी भी रामबाग में प्रतिदिन सफाई की स्थायी व्यवस्था नहीं थी। नगरपालिका द्वारा नियमित सफाई, बिजली-पानी और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के आश्वासन के बाद सांपला युवा मंच ने चेयरमैन प्रवीण कोच का आभार व्यक्त किया।

# एशियन अंडर-23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

# चीन में पदकों की झड़ी लगाने उतरेगा 56 सदस्यीय भारतीय दल

*9 से 12 जुलाई तक होगी प्रतियोगिता, दल में 33 पुरुष और 23 महिला एथलीट शामिल*

## कई युवा सितारों से पदक जीतने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

चीन में 9 जुलाई से 12 जुलाई 2026 तक चीन के ओर्डोस शहर में आयोजित होने जा रही पहली एशियन अंडर-23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय खिलाड़ी अपना दमखम दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। फरीदाबाद के खेल मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ और एथलेटिक्स महासचिव प्रदीप मलिक ने संयुक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस चैंपियनशिप के पहले संस्करण के लिए भारत का 56 सदस्यीय मजबूत दल घोषित किया गया है। इस दल में 33 पुरुष और 23 महिला एथलीट शामिल हैं, जो विभिन्न ट्रैक एंड फील्ड स्पर्धाओं में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। दक्षिण एशिया एथलेटिक्स फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. ललित के. भनोट के कुशल मार्गदर्शन में भारतीय टीम से इस बार बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद जताई जा रही है।



खिलाड़ी प्रिया



खिलाड़ी आरती

### महिला वर्ग में शामिल खिलाड़ी

महिला ब्रिगेड में किरुथिका, अक्षया एस, वी सुधीक्षा, संजना, अभिनया राजराजन, हुइड्रोम भूमेश्वर (800मी/1500मी), वैष्णवी रावल, श्रेया राजेश, सबिता टोप्पो (100 मीटर बाधा दौड़), प्रसिद्ध लंबी कूद खिलाड़ी शैली सिंह, निधि, अनुप्रिया वीएस, श्रवणी सचिन साल्वे, प्रिया डिस्कस थ्रो, आरती मैराथन और अनामिका के ए (हेप्टाथलॉन) भारत की ओर से चुनौती पेश करेंगी।

### पुरुष वर्ग में ये शामिल

*टीम में मुख्य रूप से वि भास्कर कुमार, सैम वसंत, हर्ष संतोष राउत, मोहम्मद शानज, लौकिक अनंत मेलगे, अनिकेत नलवाडे (रिले), अभय सिंह, जे पंडियन (200 मीटर दौड़), आस्तिक प्रधान और सेतु मिश्रा (400 मीटर), शकील, रितिक देओल, शिवाजी परशुराम, देव कुमार मीना, दीपक कुमार, मोहम्मद अता साजिद लॉन्ग जंप , साकिर 1500 मीटर दौड़ (पुरुष वर्ग) शिवम लोहकरे और सचिन (21 किमी रेस वॉक) जैसे शानदार खिलाड़ी शामिल हैं।*

# एशियन कुश्ती प्रतियोगिता में सुंडाना की काजल ने जीता कांस्य पदक

*» गांव के रामचंद्र अखाड़े से हुई थी कुश्ती की शुरुआत*

*» ग्रामीणों ने कहा कि काजल आने वाले समय में और बड़े मंचों पर देश के लिए जीतेगी पदक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सुंडाना गांव की बेटी काजल ढाका ने कुश्ती में एक बार फिर गांव और देश का नाम रोशन किया है। थाईलैंड में आयोजित एशियन कुश्ती प्रतियोगिता में 55 किलो भार वर्ग में काजल ने कांस्य पदक जीतकर मिट्टी की ताकत दिखाई है। काजल के पिता और पहलवान रोहताश ने बताया कि बेटी की कुश्ती की शुरुआत गांव के रामचंद्र अखाड़े से हुई थी। मेहनत और लगन के दम पर आज वह उम्रा अखाड़े में अभ्यास कर रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत रही है। रोहताश का कहना है कि सुंडाना की मिट्टी में दम है। यहां से न सिर्फ लड़कियां बल्कि लड़के भी पहलवान बनकर देश का नाम कर रहे हैं।

### छोटे बच्चों के लिए बनी प्रेरणा



गांव में अर्जुन अवार्डी अशोक कुमार गर्ग, द्रोणाचार्य अवार्डी कैप्टन चंद रूप, अंतरराष्ट्रीय कोच रणबीर ढाका, अशोक ढाका और हिंद केसरी पहलवान संजय ढाका जैसे कई दिग्गज हैं जिन्होंने देश का प्रतिनिधित्व किया है। उन्हीं से प्रेरणा लेकर गांव के छोटे-छोटे बच्चे भी अखाड़े में पसीना बहा रहे हैं। काजल की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। ग्रामीणों ने कहा कि काजल आने वाले समय में और बड़े मंचों पर देश के लिए पदक जीतेगी।

## श्रीराम क्रिकेट क्लब ने बाबरवाल क्रिकेट क्लब को 6 रन से हराया

**रोहतक।** महाराजा क्रिकेट मैदान में सोमवार को खेले गए मैच में श्रीराम क्रिकेट क्लब ने बाबरवाल क्रिकेट क्लब को 6 रनों से हराया। श्री राम क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवरों में 7 विकेट खोकर 189 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से सुशांत मलिक ने 89 गेंदों पर 7 चौकों की मदद से 74 रनों की बेहतरीन पारी खेली। वहीं, वी.के. ने 38 और आदित्य पाल ने नाबाद 15 रन का योगदान दिया। बाबरवाल क्लब के गेंदबाज शुभ शर्मा और एमसी मनन ने 2-2 विकेट झटके। जवाब में, 190 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बाबरवाल क्रिकेट क्लब की टीम 39.5 ओवरों में 183 रनों पर ही ढेर हो गई। टीम की तरफ से शुभ शर्मा ने सर्वाधिक 35 रन और तमंजोत सिंह घई ने 27 रनों की पारी खेली, लेकिन वे टीम को जीत नहीं दिला सके। श्री राम क्रिकेट क्लब के गेंदबाज कार्तिक ओहलान ने घातक गेंदबाजी करते हुए 6 ओवर में 29 रन देकर 3 मुख्य विकेट चटकाए। इसके अलावा आयुष कश्यप ने भी 2 विकेट लेकर विपक्षी टीम की कमर तोड़ दी और अपनी टीम को एक रोमांचक जीत दिलाई।

## स्टालवार्ट स्पोर्ट्स ने तनुज क्रिकेट एकेडमी को दो विकेट से दी मात

**रोहतक।** जिले के ऑक्सीजन क्रिकेट मैदान में खेले गए मैच में सोमवार को स्टालवार्ट स्पोर्ट्स क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तनुज क्रिकेट एकेडमी को दो विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए तनुज क्रिकेट एकेडमी की टीम ने निर्धारित 40 ओवरों में 9 विकेट खोकर 136 रनों का स्कोर खड़ा किया। तनुज क्रिकेट एकेडमी टीम की ओर से नैतिक शर्मा और नितिन जांगू ने सर्वाधिक 37-37 रनों का योगदान दिया। स्टालवार्ट स्पोर्ट्स क्लब के गेंदबाज यथार्थ बलहारा ने घातक गेंदबाजी करते हुए 8 ओवर में 25 रन देकर 5 विकेट झटके।जवाब में, 137 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्टालवार्ट स्पोर्ट्स क्लब की शुरुआत भी उतार-चढ़ाव भरी रही। हालांकि, अरमान सहारन के महत्वपूर्ण 30 रन और इशु धनखड़ के संयम भरे 20 रनों की बदौलत टीम ने मैच पर पकड़ बनाई। तनुज क्रिकेट एकेडमी के कप्तान अमन ने बेहतरीन कप्तानी गेंदबाजी करते हुए 8 ओवर में महज 17 रन देकर 3 विकेट चटकाए और मैच को अंत तक रोमांचक बनाए रखा। लेकिन स्टालवार्ट स्पोर्ट्स क्लब ने 35.4 ओवरों में 8 विकेट खोकर 137 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया और दो विकेट से जीत अपने नाम की।

# पूर्व छात्र की मौत पर सुपवा परिवार ने जताया शोक

*22 जून को लखनऊ के अलीगंज इलाके में हुए अग्निकांड में गई थी जान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) के पूर्व छात्र भविष्य शर्मा के निधन पर सोमवार को सुपवा परिवार ने शोक प्रकट किया। वीसी सचिवालय के सामने स्थित लॉन में एकत्रित होकर सुपवा परिवार ने दो मिनट का मौन रखा व दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। विजुअल आर्ट्स फैकेल्टी के एफसी विनय कुमार ने बताया कि एनिमेशन व मल्टीमीडिया के 2021 बैच के छात्र भविष्य शर्मा की 22 जून को लखनऊ के अलीगंज इलाके में हुए भयानक अग्निकांड में जान चली गई थी। उक्त घटना में 15 लोगों को अपनी जिंदगी गंवानी पड़ी थी। भविष्य शर्मा मूल रूप से सोनीपत के महीपुर गांव के निवासी थे। वे साल 2025 में एनिमेशन व मल्टीमीडिया में ग्रेजुएशन पूरी करने के बाद सुपवा से पासआउट हुए। पिछले दिनों 6 जून को ही वे अपने गांव से लखनऊ के लिए रवाना हुए थे। वे अपने माता-पिता की इकलौती संतान थे।

### यह बोले कुलपति

कुलगुरु डॉ अमित आर्य ने कहा कि अग्निकांड में भविष्य की मौत के बाद जो जख्म उनके परिजनों को मिले हैं, उन पर कभी भी मरहम नहीं लगाया जा सकता। जैसे ही उनके संज्ञान में आया कि लखनऊ में जान गंवाने वाला भविष्य सुपवा परिवार का हिस्सा रहा है, तो उनकी आत्मा की शांति के लिए मौन रखा। इस दौरान उनके माता-पिता के सामने आए पहाड़ जैसे दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना भी की गई।

# इंग्लैंड की आर्ट गैलरी में बिखरे हरियाणवी संस्कृति के रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

इंग्लैंड की धरती पर पहली बार हरियाणा की समृद्ध कला, संस्कृति और ग्रामीण परिवेश को एक अंतरराष्ट्रीय मंच मिला है। लंदन के नजदीक हट्र्समीयर स्थित 'बसहे म्यूजियम और आर्ट गैलरी' में पहले 'दक्षिण एशियाई विरासत माह' प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ 5 जुलाई को किया गया। हार्टमियर की मेयर एवं काउंसलर परवीन रानी ने स्थानीय गणमान्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर इसका विधिवत उद्घाटन किया। एक महीने तक चलने वाली इस विशेष प्रदर्शनी में दक्षिण एशियाई देशों के विभिन्न फोटोग्राफ, पारंपरिक परिधान, आभूषण और ऐतिहासिक कलाकृतियों का एक बेहद आकर्षक और जीवंत संग्रह प्रदर्शित किया गया है। इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत के प्रसिद्ध कलाकार हरविंदर मलिक को विशेष तौर पर आमंत्रित कर सम्मानित किया गया, जिनकी उत्कृष्ट कलाकृतियां दर्शकों के आकर्षण का मुख्य केंद्र बनी हुई हैं। उनकी यह कृतियां म्हारा हरियाणा सुथरा हरियाणा विषय पर आधारित हैं, जो हरियाणा की समृद्ध संस्कृति, ऐतिहासिक परंपराओं और अनूठी विरासत को बेहद खूबसूरती के साथ प्रस्तुत करती हैं। इन कलाकृतियों के माध्यम से इंग्लैंड के दर्शकों को सात समंदर पार हरियाणा की रंग-बिरंगी संस्कृति, पारंपरिक रीति-रिवाजों, वहां के रहन-सहन और समृद्ध कलात्मक विरासत को बहुत करीब से देखने का एक अवसर मिल रहा है।





**रोहतक।** प्रदर्शनी में मौजूद हार्टमियर की मेयर एवं काउंसलर परवीन रानी व भारत के प्रसिद्ध कलाकार हरविंदर मलिक।

### आर्कषण का केंद्र बनीं कलाकृतियां

कलाकृतियों के साथ-साथ इस प्रदर्शनी में हरियाणा की पारंपरिक पहचान को भी प्रमुखता से दर्शाया गया है, जिसमें हरियाणवी परिधान जैसे घाघरा, कुर्ता, ओढ़नी और पारंपरिक आभूषणों के साथ-साथ घरों की शोभा बढ़ाने वाले रंग-बिरंगे पारंपरिक झूमर यानी फुलझड़ी को भी विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया है। इस ऐतिहासिक अवसर पर हरविंदर मलिक के साथ विशेष रूप से आमंत्रित इंग्लैंड के सुप्रसिद्ध रेडियो एनाउंसर रवि शर्मा का भी मेयर द्वारा गर्मजोशी से स्वागत और धन्यवाद किया गया। मेयर व काउंसलर परवीन रानी ने इस आयोजन की सफलता में योगदान देने वाले सभी प्रदर्शकों, स्वयंसेवकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। वहीं, कलाकार हरविंदर मलिक ने इंग्लैंड की धरती पर पहली बार हरियाणा की जीवंत कला एवं संस्कृति को प्रदर्शित करने का मौका देने के लिए मेयर परवीन रानी और पूरी आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया।

# डॉ. अर्चना गुप्ता के स्वागत समारोह का दिया निमंत्रण

## आज सुबह 10 बजे नई अनाज मंडी में मातृशक्ति की भागीदारी रचेगी नया इतिहास : नवीन ढुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के 7 जुलाई 2026 को सुबह 10 बजे नई अनाज मंडी, रोहतक में आयोजित होने वाले भव्य स्वागत समारोह को लेकर जनसंपर्क अभियान तेज हो गया है। इसी कड़ी में आज रेनकपुरा के मुख्य चौक पर अमित महला द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल ने पहुंचकर क्षेत्रवासियों, युवाओं एवं विशेष रूप से मातृशक्ति को स्वागत समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का निमंत्रण दिया। कार्यक्रम में पहुंचने पर स्थानीय नागरिकों एवं मातृशक्ति ने जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर नवीन ढुल ने कहा, "आज रेनकपुरा में मातृशक्ति की इतनी बड़ी संख्या में उपस्थिति ने यह विश्वास और मजबूत कर दिया है कि नई अनाज मंडी में होने वाले डॉ. अर्चना गुप्ता के भव्य स्वागत कार्यक्रम में महिलाओं की संख्या पुरुषों से भी अधिक रहने वाली है। रोहतक की मातृशक्ति अपनी नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का ऐसा ऐतिहासिक स्वागत करेगी, जिसकी गूंज पूरे हरियाणा में सुनाई देगी नवीन ढुल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन और सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के दिए अवसर

नवीन ढुल ने कहा आज महिलाएं शिक्षा, राजनीति, प्रशासन, खेल, विज्ञान, सेना, व्यापार और सामाजिक क्षेत्र सहित हर मंच पर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों ने महिलाओं को सुरक्षित वातावरण देने के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनने और नेतृत्व करने के नए अवसर प्रदान किए हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने महिलाओं को केवल भागीदारी तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्हें नेतृत्व की अग्रिम पंक्ति में स्थान दिया है। डॉ. अर्चना गुप्ता को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपा जाना इस बात का सशक्त प्रमाण है कि भाजपा मातृशक्ति की क्षमता, नेतृत्व और निर्णय शक्ति पर पूर्ण विश्वास करती है। यह नियुक्ति हरियाणा की प्रत्येक महिला के लिए गौरव और प्रेरणा का विषय है। इस अवसर पर मुख्य रूप से मीना अटकान, कलावती, मूर्ति देवी, अनीता, सुमित्रा, सावित्री देवी, राजो रानी, कविता देवी, मनीषा, उषा देवी, मधु, संतोष, आरती, स्वीटी, आरती, सुमिता, पूनम, अमित महला, परवीन कुमार, नवीन महला, साहिल राजपूत, अंकित महला और कार्तिक महला भूपेंद्र ढुल,मोनू सिवान,ढील्ला ढुल,कन्ना ढुल,विक्रांत सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र की मातृशक्ति, युवा साथी, स्थानीय नागरिक एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# समाधान शिविरों में अधिकारियों को सकारात्मक दृष्टिकोण से करना होगा समस्याओं का निवारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला प्रशासन की ओर से सोमवार को जिला मुख्यालय के साथ-साथ सांपला और महम उपमंडल मुख्यालयों पर समाधान शिविर आयोजित किए गए। इस दौरान उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नागरिकों की समस्याओं का समाधान सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ करते हुए निर्धारित समय सीमा में उनका उचित निपटारा सुनिश्चित करें। साथ ही शिकायतों के समाधान के दौरान संबंधित नागरिक से संवाद कर उसे विभागीय कार्रवाई की जानकारी भी दें। उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला मुख्यालय एवं उपमंडल मुख्यालयों पर समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहकर नागरिकों की शिकायतें सुनते हैं और उनके समाधान के लिए मौके पर आवश्यक कार्रवाई करते हैं।



**रोहतक।** समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते नगराधीश शुभम और पुलिस उपाधीक्षक दलीप सिंह ।

### तय समय में करें समाधान

डीसी ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में प्राप्त प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित अवधि में उसका उचित निपटारा किया जाए। अधिकारी शिकायतों के समाधान के दौरान संबंधित नागरिक से संवाद अवश्य करें, ताकि उसे विभागीय कार्रवाई की पूरी जानकारी मिल सके। नागरिक की संतुष्टि के बाद ही शिकायत का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए।

## सड़क हादसे में दंपति घायल

**रोहतक।** सांपला पुलिस ने रानी देवी पत्नी गणेश निवासी वार्ड नंबर 13 सापला की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में रानी ने बताया कि मेरा पति गणेश फैक्ट्री में सुरक्षाकर्मी की नौकरी करता है और 4 जुलाई को मैं और मेरा पति गणेश स्कूटी पर सवार होकर सुबह 7:00 बजे ड्यूटी पर रोहद जा रहे थे। जैसे ही हमारी स्कूटी टोल प्लाजा के समीप पहुंची तो अचानक से पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात वाहन ने हमारी स्कूटी में टक्कर मारी जिसके चलते मैं और मेरा पति गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तुरंत लोगों की मदद से पीजीआई दाखिल कराया गया।

**मानसरोवर हॉस्पिटल**
**REQUIRES**
- MRI/CT TECHNICIAN 4
- COMPUTER OPERATOR 2
- PRO 2
- NURSING STAFF 4
- WARD BOY 2
- GATE KEEPER 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

**कार्यक्रम** एमडीयू के बायोकेमिस्ट्री विभाग में 'फ्रंटियर्स इन बायोकेमिकल रिसर्च' विषय पर कार्यशाला

# शोध ही वैश्विक चुनौतियों के समाधान का आधार : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने कहा कि शोध के बिना ज्ञान का सृजन, संवर्धन और समाज की प्रगति संभव नहीं है। आज डीएनए, जीनोम सीक्वेंसिंग, एजिंग पापुलेशन और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषय पूरी दुनिया में शोध के केंद्र में हैं। इन चुनौतियों का समाधान केवल नवाचार आधारित और गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान से ही निकाला जा सकता है। ुलपति प्रो. मिलाप पूनिया सोमवार को एमडीयू के बायोकेमिस्ट्री विभाग में- फ्रंटियर्स इन बायोकेमिकल रिसर्च विषय पर शुरू हुई पांच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवा शोधार्थियों को पारंपरिक विषयों की सीमाओं से आगे बढ़कर इंटरडिसिप्लिनरी रिसर्च अपनानी चाहिए। वैज्ञानिक सोच, क्रिटिकल थिंकिंग और नवाचार ही भविष्य के अनुसंधान की पहचान होंगे। उन्होंने शोध को मानव जीवन की गुणवत्ता सुधारने, स्वस्थ समाज के निर्माण और पृथ्वी के संरक्षण से जोड़ने का आह्वान किया।



**रोहतक।** कार्यशाला में स्मारिका का विमोचन करते कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया,डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एएस मान, डिप्टी डीन (आर एंड डी) प्रो. केके शर्मा व विभागाध्यक्ष प्रो. नर सिंह चौहान।

### उत्कृष्ट शोध के लिए वैज्ञानिक जिज्ञासा जरूरी : दीपक मिश्रा

*कार्यशाला के विशिष्ट अतिथि एवं जेएनयू के लाइफ साइंसेज विभाग के प्रो. दीपक मिश्रा ने कहा कि उत्कृष्ट शोध के लिए वैज्ञानिक जिज्ञासा, आधुनिक तकनीकों का प्रभावी उपयोग और मौलिक सोच जरूरी है। उन्होंने शोधार्थियों को वैश्विक स्तर की गुणवत्ता वाले अनुसंधान की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. ए.एस. मान, डिप्टी डीन (आर एंड डी) प्रो. के.के. शर्मा तथा आईक्यूएसी के निदेशक प्रो. बी. नरसिम्हन ने कहा कि बहुविषयक अनुसंधान, संस्थागत सहयोग और नवाचार की संस्कृति विकसित कर ही विश्वविद्यालय शोध के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत विभागाध्यक्ष प्रो. नर सिंह चौहान के स्वागत भाषण से हुई। प्रो. ऋतु पसरीजा ने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की, जबकि प्रो. विजय कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर कार्यशाला की स्मारिका का विमोचन भी कुलपति द्वारा किया गया। एमडीयू के विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, प्राध्यापक, शोधार्थी और देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं शोध संस्थानों से प्रतिभागी इस दौरान उपस्थित रहे।*



## एमडीयू के कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल ने इमसार का किया निरीक्षण, शैक्षणिक गतिविधियों की ली जानकारी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल ने सोमवार को इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड रिसर्च (इमसार) का दौरा कर संस्थान की शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों की समीक्षा की। इमसार के निदेशक प्रो. प्रदीप अहलावत ने कुलसचिव का स्वागत करते हुए संस्थान की उपलब्धियों, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के अनुरूप किए जा रहे नवाचारों, शोध गतिविधियों, उद्योगों के साथ सहयोग, प्लेसमेंट रिकॉर्ड तथा भविष्य की विकास योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्थान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण प्रबंधन शिक्षा के साथ-साथ उद्योग की जरूरतों के अनुरूप व्यावहारिक प्रशिक्षण भी उपलब्ध करा रहा है। दौरे के दौरान प्रो. संदीप बंसल ने संस्थान की शैक्षणिक व्यवस्थाओं और उपलब्ध संसाधनों का अवलोकन किया। उन्होंने इमसार की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार और शोध को बढ़ावा देना विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने विश्वास जताया कि संस्थान आने वाले समय में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय की शैक्षणिक पहचान को और मजबूत करेगा। इस दौरान कुलसचिव ने प्राध्यापकों से भी संवाद किया।


### शहर में फ्रॉड और चोरी की वारदातों ने बढ़ाई परेशानी, हर रोज शिकार हो रहे लोग

**अपराधी फर्जी वेबसाइट व अन्य माध्यम से लोगों को लगा रहे चूना**

# अलर्ट रहें: साइबर ठगों ने तीन जगहों से एक ही दिन में 26.50 लाख उड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिले में ठगी और चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। सोमवार को अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सामने आए चार मामलों में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इनमें करीब साढ़े 26 लाख साइबर ठगों ने जबकि 40000 चोरों ने उड़ा लिये। सस्ती गाड़ी दिलाने के नाम पर 12.13 लाख की धोखाधड़ी, ऑनलाइन ट्रेडिंग के बहाने 13.25 लाख की साइबर ठगी, फर्जी फाइनेंस कंपनी की वेबसाइट बनाकर लोगों से ठगी और एक फैक्ट्री में चोरी की वारदात शामिल है। पुलिस का कहना है कि सभी मामलों में आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।



एआई जेनरेटेड

### केस-3 ई-मेल और लिंक बनाकर लोगों से ठगी

एक अन्य मामले में शहर की वृंदा फिनलीज लिमिटेड फाइनेंस कंपनी ने पुलिस को शिकायत दी कि अज्ञात आरोपी कंपनी के नाम से फर्जी वेबसाइट, ई-मेल और लिंक बनाकर लोगों को ठग रहा है। आरोपी मोबाइल नंबर के माध्यम से खुद को कंपनी का कर्मचारी बताकर ग्राहकों से पैसे अपने बैंक खातों में ट्रांसफर करवा रहा है। इसी क्रम में दिल्ली रोड निवासी अजय दलाल ने भी शिकायत दी कि अज्ञात व्यक्ति ने डराकर उससे 1.39 लाख रुपये की ठगी कर ली। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### केस-4 फैक्ट्री का ताला तोड़कर नकदी-लैपटॉप चोरी

हिसार रोड स्थित श्याम कॉलोनी में नट-बोल्ट बनाने वाली एक फैक्ट्री को भी चोरों ने निशाना बनाया। फैक्ट्री संचालक रोहित जैन ने पुलिस को बताया कि जब वह फैक्ट्री पहुंचे तो कार्यालय का ताला टूटा हुआ था और अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर एक लैपटॉप, 40 हजार रुपये नकद, उपकरण तथा अन्य कीमती सामान चोरी मिला। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। अधिकारियों का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

### केस-1 सस्ती स्कॉर्पियो दिलाने के नाम पर 12.13 लाख ठगे

कलानौर थाना पुलिस ने गांव निगाना निवासी सौरव सिक्का की शिकायत पर विजय और राकेश उर्फ रिंकू के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। शिकायत के अनुसार, परिवार में बीमारी के इलाज के चलते उन्हें रोहतक आने-जाने के लिए वाहन की आवश्यकता थी। इसी दौरान उनकी मुलाकात कलानौर निवासी दीपक से हुई, जिसने दोनों आरोपियों से परिचय कराया। आरोपियों ने खुद को जब्त वाहनों के यार्ड से कम कीमत पर गाड़ियां दिलाने वाला बताते हुए जम्मू स्थित यार्ड में महिंद्रा स्कॉर्पियो उपलब्ध होने का दावा किया। विश्वास में लेकर आरोपियों ने सौरव से विजय के बैंक खाते में 3.55 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए, जबकि जम्मू के एक होटल में 8.58 लाख रुपये नकद भी ले लिए। इसके बावजूद वाहन की डिलीवरी नहीं की गई और बाद में गाड़ी देने से साफ इनकार कर दिया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### केस-2 मुनाफे का लालच देकर बुजुर्ग के 13.25 लाख उड़ाए

साइबर क्राइम थाना पुलिस ने गीता कॉलोनी निवासी 74 वर्षीय अशोक कुमार की शिकायत पर अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। अशोक कुमार ने बताया कि मई 2026 में फेसबुक पर शेयर बाजार ट्रेडिंग सीखने से जुड़े एक लिंक पर क्लिक करने के बाद उन्हें व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया। वहां बेहतर मुनाफे का लालच देकर डायरेक्ट मार्केट एक्सेस (डीएमए) खाता खुलवाया गया। 14 मई से 10 जून के बीच ठगों ने निवेश के नाम पर उनसे कुल 13 लाख 25 हजार रुपये विभिन्न खातों में ट्रांसफर करवा लिए। शुरुआत में उनके खाते में 2.66 लाख रुपये का लाभ दिखाया गया और 43,200 आईपीओ शेयर आवंटित होने का दावा किया गया, जिनकी कीमत करीब 54 लाख रुपये बताई गई। जब उन्होंने राशि निकालने का प्रयास किया तो भुगतान नहीं हुआ और उन्हें अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ।

### झांसों में न आए, धोखाधड़ी पर तुरंत पुलिस को सूचना दें

पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि ऑनलाइन निवेश, सोशल मीडिया पर मिलने वाले आकर्षक प्रस्तावों और कम कीमत में वाहन दिलाने जैसे झांसों से सावधान रहें। किसी भी संदिग्ध लिंक, वेबसाइट या व्यक्ति पर भरोसा करने से पहले उसकी पूरी तरह जांच-पड़ताल करें और साइबर या अन्य प्रकार की धोखाधड़ी होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें।

**एसपी गौरव राजपुरोहित की अपील**

## साइबर ठगी से बचें, डिजिटल अरेस्ट पर न करें भरोसा

- ओटीपी, यूपीआई पिन, सीवीवी और बैंकिंग जानकारी किसी के साथ साझा न करें



ठगी होने पर गोल्डन ऑवर में 1930 पर करें शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए रोहतक पुलिस ने आमजन के लिए विशेष एडवाइजरी जारी कर लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित के निर्देश पर जारी एडवाइजरी में ऑनलाइन ठगी के सामान्य तरीकों से बचने और साइबर अपराध होने पर तत्काल कार्रवाई करने की सलाह दी गई है। रोहतक पुलिस ने कहा है कि किसी भी व्यक्ति के साथ ओटीपी, सीवीवी, यूपीआई पिन, पासवर्ड या बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें। पुलिस, बैंक या किसी भी सरकारी एजेंसी द्वारा फोन या वीडियो कॉल पर ऐसी जानकारी कभी नहीं मांगी जाती। इसके अलावा 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर होने वाली ठगी से भी सावधान रहने की हिदायत दी गई है। पुलिस ने लोगों से अनजान लिंक, फर्जी लोन ऐप, टेलीग्राम या व्हाट्सएप पर मिलने वाले नौकरी और टास्क ऑफर, सोशल मीडिया फ्रेंड रिक्वेस्ट तथा ओएलएक्स जैसी वेबसाइटों पर होने वाली धोखाधड़ी से सतर्क रहने को कहा है। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि पैसा प्राप्त करने के लिए कभी भी क्यूआर कोड स्कैन या यूपीआई पिन दर्ज करने की आवश्यकता नहीं होती।

### साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं

पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित ने कहा कि यदि किसी के साथ साइबर ठगी होती है तो घबराने की बजाय पहले एक घंटे यानी 'गोल्डन ऑवर' के भीतर साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें, राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं और अपने बैंक को तत्काल सूचित कर खाते को ब्लॉक करवाएं। उन्होंने कहा कि सतर्कता और जागरूकता ही साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

**भाजपा अध्यक्ष के सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर अहम बैठक**

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर होगी सड़क, लगेगी प्रतिमा

- स्वागत, यातायात, मंच और जनसंपर्क व्यवस्था को लेकर पदाधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक


रोहतक। कैनाल रेस्ट हाउस में महत्वपूर्ण बैठक लेते भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर। फोटो : हरिभूमि

भाजपा हरियाणा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के 7 जुलाई को होने वाले सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर सोमवार को कैनाल रेस्ट हाउस में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने की, जिसमें कार्यक्रम की व्यवस्थाओं की समीक्षा कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक की शुरुआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि के साथ हुई। इस दौरान उनके राष्ट्रहित और देश की एकता में योगदान को याद करते हुए प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें दिल्ली बाईपास से भिवानी चुंगी तक सड़क का नामकरण 'डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग' रखने और चौराहे पर प्रतिमा स्थापित करने की मांग की गई। मनीष ग्रोवर ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन 'राष्ट्र प्रथम' की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समारोह को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका, मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, अमित मग्गू, रॉकी सहगल सहित सभी स्थानीय पार्षद और वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने संगठन की मजबूती और स्वागत समारोह को भव्य रूप देने का संकल्प लिया।

# ई-दिशा केंद्र में सर्वर ठप, घंटों बाधित रहा काम, लोगों को करना पड़ा इंतजार

**जन्म, मृत्यु, आय, जाति, निवास और परिवार पहचान पत्र सहित कई सेवाएं प्रभावित**

- सुबह से लगी लंबी कतारें, कई लोग घंटों इंतजार के बाद बिना काम कराए लौटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिला लघु सचिवालय स्थित ई-दिशा केंद्र में सोमवार को तकनीकी खामी के कारण घंटों तक कामकाज प्रभावित रहा। ऑनलाइन पोर्टल और सर्वर ठप होने से जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र समेत विभिन्न सरकारी सेवाओं से जुड़े आवेदन नहीं हो सके। इससे सुबह से ही केंद्र में लोगों की लंबी कतारें लग गईं। कई लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा, जबकि कुछ बिना काम कराए ही लौट गए। इस दौरान कई लोगों की कर्मचारियों के साथ नोकझोंक भी हुई। लोगों का कहना था कि सरकार डिजिटल सेवाओं को बढ़ावा देने की बात करती है, लेकिन जब पोर्टल ही समय पर काम नहीं करता तो आम नागरिकों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ती है। कई लोगों ने कार्यालय में ही नाराजगी जताते हुए कहा कि छुट्टी लेकर आने और कई किलोमीटर का सफर तय करने के बावजूद काम नहीं हो पा रहा है। निर्धारित शुल्क देने के बाद भी बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी हो रही है।

### चंडीगढ़ से संचालित होता है पोर्टल

कर्मचारियों के अनुसार ई-दिशा केंद्र का पोर्टल और सर्वर चंडीगढ़ से संचालित होता है। तकनीकी खराबी स्थानीय स्तर की नहीं थी, इसलिए सर्वर ठीक होने तक आवेदन प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी। कर्मचारियों ने कहा कि ऐसी स्थिति में उनके पास इंतजार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होता।

### तकनीकी खराबी समय समय पर आती रहती

सर्वर ठप होने से बढ़ती है परेशानीकर्मचारियों ने बताया कि सर्वर की तकनीकी खराबी समय-समय पर आती रहती है, जिससे पूरे दिन का काम प्रभावित होता है। लोगों ने सरकार से पोर्टल और सर्वर की क्षमता बढ़ाने तथा तकनीकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने की मांग की।

**साप्ताहिक परेड, पुलिस जवानों की दक्षता परखी**

## मॉक ड्रिल में दंगा नियंत्रण का अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक


रोहतक। दंगा निरोधक उपकरणों जानकारी लेते अधिकारी व जवान। फोटो : हरिभूमि

जिला पुलिस लाइन रोहतक में आज सोमवार की साप्ताहिक परेड का गरिमामयी आयोजन किया गया। इस परेड में जिले की कानून व्यवस्था को चुस्त- दुरुस्त रखने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस जवानों के समन्वय और दक्षता को परखा गया। इस अवसर पर जिले के सभी थाना प्रबंधक, चौकी प्रभारी, पुलिस कार्यालयों के अधिकारी और भारी संख्या में पुलिस के जवान मौजूद रहे। परेड के उपरांत रोहतक पुलिस द्वारा कानून व्यवस्था की किसी भी विकट या विषम परिस्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए एक विशेष अभ्यास सत्र (मॉक ड्रिल) का आयोजन किया गया। इस अभ्यास के दौरान मैदान में तैनात जवानों को दंगा निरोधक उपकरणों को सही और सुरक्षित तरीके से चलाने की विस्तृत जानकारी और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। अधिकारियों ने जवानों को सिखाया कि भीड़ नियंत्रण और दंगे जैसी संवेदनशील स्थितियों में कम से कम बल प्रयोग कर परिस्थिति को कैसे काबू में किया जाए। पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के नियमित अभ्यास का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल को मानसिक और शारीरिक रूप से हर समय अलर्ट रखना है।

# न्यू चिन्योट कॉलोनी में 32 लाख की लागत से गलियों का निर्माण कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक


रोहतक। गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ करवाते भाजपा पार्षद कंचन खुराना, महाराजा अग्रसेन मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा व अन्य।

नगर निगम वार्ड नंबर 14 के पिछड़े क्षेत्र न्यू चिन्योट कॉलोनी में 32 लाख रुपये की लागत से गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ हो गया है। भाजपा निगम पार्षद कंचन खुराना, महाराजा अग्रसेन मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, राज सिंह रामदासिया और सुरेश चांवरिया ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर इस परियोजना की शुरुआत की। लंबे समय से लंबित इस विकास कार्य के शुरू होने पर स्थानीय निवासियों ने खुशी जाहिर करते हुए पार्षद का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर निगम पार्षद कंचन खुराना ने कहा कि वार्ड के प्रत्येक क्षेत्र में बिना किसी भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। विकास की धारा को हर गली-मोहल्ले तक पहुंचाना ही उनकी मुख्य प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि गलियों का निर्माण उच्च गुणवत्ता के साथ होगा और पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था की जाएगी, ताकि बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या न हो। पार्षद ने यह भी स्पष्ट किया कि क्षेत्र की समस्याओं के स्थाई समाधान के लिए एलिवेटेड ट्रैक के साथ बनने वाली सड़क का निर्माण बेहद जरूरी है। इसके लिए नगर निगम से प्राथमिकता के आधार पर कार्य पूरा करने की मांग की जाएगी। इस कार्यक्रम में मंडल महामंत्री रिंकू कपूर, दीपक बोपाला, सन्नी वासन, फकीर चंद, डॉ. राजीव, मुन्नी, मीरा, पूनम, सत्यवान, स्नेहलता, दिलबाग फौजी, भीम, दिलबाग ड्राफ्टमैन, राजबाला, राजेश, मीना और तिलक राज कपूर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।


रोहतक। पंचायती प्लाट विवाद में कार्रवाई की मांग लेकर एसपी से मिलने आए गांव शिमली के ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

**एसपी कार्यालय पहुंचा शिमली पंचायत भूमि विवाद**

# सरपंच ने निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की

- सरपंच ने थाना प्रभारी पर कार्रवाई में ढिलाई बरतने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गांव शिमली में पंचायती भूमि पर प्रस्तावित प्लाटों के निरीक्षण के दौरान हुए विवाद का मामला अब पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच गया है। सोमवार को सरपंच मोनिका ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल के साथ एसपी गौरव राजपुरोहित से मिलीं और आरोपियों के खिलाफ अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने थाना प्रभारी पर कार्रवाई में ढिलाई बरतने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। कुछ दिन पहले पंचायती भूमि पर प्रस्तावित प्लाटों के निरीक्षण के दौरान विवाद हिंसक हो गया था। आरोप है कि सरपंच, पंचायत विभाग के अधिकारियों और अन्य लोगों पर लाठी-डंडों व ईंटों से हमला किया गया, जिसमें तीन-चार लोग घायल हुए। घटना के बाद शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस को शिकायत दी गई थी। सरपंच प्रतिनिधि देवेंद्र स्वामी ने बताया कि वर्ष 2009 में ओबीसी और एससी वर्ग के 100 लाभार्थियों को प्लाट आवंटित किए गए थे, लेकिन अब तक कब्जा नहीं मिला। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और सभी पक्षों के बयान दर्ज कर तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### निरीक्षण के दौरान हमला कार्य में बाधा का आरोप

सरपंच मोनिका, एससीपीओ अशोक और ग्राम सचिव रीतू जब पंचायती भूमि का निरीक्षण करने पहुंचे तो कुछ लोगों ने विरोध करते हुए उन पर हमला कर दिया और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई। देवेंद्र स्वामी ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने जातिसूचक शब्द कहे और प्लाट नहीं बनने देने की धमकी दी। उनका कहना है कि कुछ लोगों के अवैध कब्जे के कारण प्लाट आवंटन का विरोध किया जा रहा है

### सरपंच ने कई लोगों पर लगाए आरोप

सरपंच मोनिका ने शिकायत में अमित, सुनील, सेवकराम, जगबीर, बिमला, निर्मला समेत 10-12 लोगों पर हमला करने और सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाया है। उन्होंने एसपी से थाना प्रभारी की भूमिका की जांच और आरोपियों के खिलाफ शीघ्र सख्त कार्रवाई की मांग की।

## लूट और धोखाधड़ी की दो वारदातों से सनसनी, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



जिले में दो अलग-अलग आपराधिक मामलों ने पुलिस की चिंता बढ़ा दी है। एक मामले में बाइक सवार तीन युवकों ने एक व्यक्ति से नकदी लूट ली, जबकि दूसरी घटना में बैटरी शॉप का कर्मचारी नगदी और स्कूटी लेकर फरार हो गया। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आईएमटी थाना क्षेत्र में वीरेंद्र पाल से 19,750 रुपये की लूट हुई। वहीं मॉडल टाउन क्षेत्र में बैटरी शॉप कर्मचारी गौतम जांगड़ा 60,500 रुपये और स्कूटी लेकर फरार हो गया। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**फीडर की क्षमता 3000 क्यूसेक, कम पानी से आपूर्ति पर पड़ेगा असर**

**1800 क्यूसेक पानी छोड़ा गया**

# जेएनएल फीडर में आज पहुंचेगा पानी, शहर की पेयजल आपूर्ति को मिलेगी कुछ राहत

- शहर की कई कॉलोनियों कई कई दिन बाद हो रही पानी की सप्लाई, लोग टैंकरों पर निर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पिछले कई दिनों से पेयजल संकट झेल रहे शहर के लिए मंगलवार को कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अनुसार जेएनएल फीडर में हेड से करीब 1800 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है, जो मंगलवार तक रोहतक क्षेत्र में पहुंच जाएगा। हालांकि फीडर की कुल वहन क्षमता 3000 क्यूसेक है, ऐसे में इस बार क्षमता से काफी कम पानी छोड़ा गया है। जेएनएल फीडर में पानी पहुंचने के बाद जन स्वास्थ्य विभाग शहर के जलघरों में आपूर्ति शुरू करेगा, जिससे पेयजल व्यवस्था में कुछ सुधार आने की उम्मीद है। हालांकि विभागीय अधिकारियों का कहना है कि पानी की उपलब्धता पूरी तरह फीडर में आने वाले प्रवाह पर निर्भर करेगी।



### परेशानी : कम दबाव से पहुंचता है पानी

इंदिरा कॉलोनी के रामफल का कहना है कि फीडर में पानी आने के बावजूद उनकी समस्या पूरी तरह समाप्त नहीं होती। कई कॉलोनियों और बाहरी क्षेत्रों में पहले से ही कम दबाव से पानी पहुंचता है। ऐसे में जब जलापूर्ति बाधित होती है या सीमित मात्रा में होती है तो लोगों को कई दिनों तक पानी का इंतजार करना पड़ता है। अनेक क्षेत्रों में परिवारों को निजी और नगर निगम के टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ता है।

### प्राथमिकता के आधार पर छोड़ा जाएगा पानी

फीडर में पानी छोड़ना अस्थायी राहत तो देता है, लेकिन यदि पर्याप्त मात्रा में लगातार पानी उपलब्ध नहीं कराया गया तो शहर की जलापूर्ति पर दबाव बना रहेगा। फीडर की क्षमता 3000 क्यूसेक होने के बावजूद 1800 क्यूसेक पानी छोड़े जाने से वितरण व्यवस्था पर भी असर पड़ सकता है। जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार फीडर में पानी पहुंचने के बाद विभिन्न जलघरों को भरने और सप्लाई व्यवस्था को सामान्य करने का प्रयास किया जाएगा। जिन क्षेत्रों में पिछले दिनों जलापूर्ति प्रभावित रही है, वहां प्राथमिकता के आधार पर पानी पहुंचाने की योजना बनाई गई है। आवश्यकता पड़ने पर टैंकरों के माध्यम से भी पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।